हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–230 : जौनपुर, बुधवार 17 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें अधिकारी –डीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ सुरेश कनौजिया, डॉ संजीत कुमार के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। डीडीएम नाबार्ड लल्लन को निर्देश दिया कि विभाग के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को पैम्फलेट के माध्यम से किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनपद में मिलेटस की खेती को अधिक से अधिक बढावा दिया जाये। किसानों को बताया जाये कि कम से कम एक चौथाई हिस्से में मिलेटस की खेती अवश्य करें। मिलेटस के बिक्री की भी व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है गांव में खराब हैण्ड पम्पों का सर्वे कराकर ठीक कराये। गो–आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर हरा चारा,टीन शेड, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। अभियान चलाकर निर्विविवाद वरासत दर्ज किये जाये। पेंशन ने लाभार्थियों का चयन कर उन्हे पेन्शन का लाभ दिलाया जाये। जिला कृषि अधिकारी के.के. सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में धान के बीज का वितरण कराया जा रहा है। 20 जून तक सभी किसानों को बीज का वितरण करा दिया जाएगा, बीज की कमी नही है। ढैचा का बीज 150 कुंतल ही उपलब्ध हो पाया है, जनपद में अभी और बीज की आवश्यता है जिसकी मांग शासन को भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया है कि उवर्रक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डिप्टी आरएमओं नृपंजय पाठक ने बताया कि जनपद में गेंहू 2125 रुपये प्रति कुंतल से 01 अप्रैल से 15 जून तक



खरीद की जाएगी। किसी भी गांव में 100 कुंतल या उससे अधिक गेंहू होगा तो शासन की तरफ से गाँव मे ही गेंहू उठान गाड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि गेंहू खरीद में किसी भी प्रकार की समस्या हो रही है तो डिप्टी आरएमओं के मो0 7065660760 पर फोन करे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गेंहु खरीद का भुगतान बहुत आसानी से की जा रही है, 48 घटे में भुगतान खाते में कर दिया जा रहा है। जनपद के सभी किसानों का आश्वस्त कराया है कि गेंहू क्रय केंद्र पर गेंहू बेचने में के किसी भी प्रकार की समस्या नही होगी। संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर पी.डी. जयकेश त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, अधि. अभियंता विद्युत सहित अन्य किसान गण उपस्थित रहे।

## तिलकधारी महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह

जौनपुर दै. देश की उपासना कार्यालय प्रतिनिधि : तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर द्वारा विद्यालय के प्रॉगण स्थित हाल में महाविद्यालय के मेधावी छात्राओं के सम्मान किए जाने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती आभा सिंह पूर्व डाक निदेशक ( भारत सरकार ) वरिष्ठ अधिवक्ता मुम्बई हाईकोर्ट एवं संस्थापक अध्यक्ष रण समर फाउण्डेशन नामक सामाजिक संस्था रही तथा विशिष्ट अतिथि शुश्री शालिनि सिंह सामाजिक कार्यकर्ता एवं संयोजक रण समर फाउण्डेशन रहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलकधारी महिला महाविद्यालय अध्यक्ष जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यन्त सिंह द्वारा किया गया, उनके साथ मंचासीन अतिथियों में तिलकधारी महिला महाविद्यालय के उप प्रबंधक डॉ धर्मराज सिंह, तिलकधारी महिला महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश सिंह उर्फ बब्बू एवं तिलकधारी महिला महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष संजय सिंह भी मंच पर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि का स्वागत तिलकधारी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वन्दना सिंह द्वारा किया गया। महाविद्यालय द्वारा अपनें छात्राओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किये जानें हेतु कार्यक्रम रखा गया था ताकि प्रतिभावान छात्राओं को प्रोत्साहन किये जानें से महाविद्यालय की अन्य छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरुकता और लगन पैदा हों सकें जिसके लिए महाविद्याालय की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं जिनमें कुमारी अंशिका सिंह, कुमारी अंकिता जायसवाल, कुमारी सिम्पी सोनी, कुमारी अर्पिता श्रीवास्तव, आंचल साहू, अर्पिता यादव, शालिनी, आयुशी तिवारी को सामाजिक संस्था रण समर फाउण्डेशन की अध्यक्षा एवं मुख्य अतिथि डॉ. आभा सिंह द्वारा संस्था की ओर से प्रशस्ति–पत्र एवं पांच हजार रुपये का चेक प्रोत्साहन धनराशि के रुप में प्रदान किया गया।डॉ. आभा सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपने जीवन के संघर्षो एवं अपनी सफलताओं के बारे में बताया गया और कहा कि अगर मन में विश्वास





और हौसला है तो एक दिन मंजिल जरूर मिलेगी उन्होने छात्राओं को शिक्षा के प्रति लगन और निष्ठावान होना जीवन में नितान्त आवश्यक बताया, कार्यक्रम के अन्त में महाद्यिालय के अध्यक्ष दुष्यंत सिंह नें सभी का आभार व्यक्त किया। उपरोक्त कार्यक्रम में तिलकधारी महिला महाविद्यालय के शिक्षक गण जिनमें डॉ संजीव सिंह ,डॉ प्रणव सिंह, डॉ राजश्री, डॉ पूनम सिंह, डॉ नीलम सिंह, डॉ गीता, डॉ निकिता, डॉ दुर्गा, डॉ ज्योति, डॉ श्रुति, डॉ कोमल आदि शिक्षक व शिक्षिका और तिलकधारी महिला महाविद्यालय के स्टाफ संजय सिंह, अनूप सिंह, सीमा सिंह, विनीता सिंह, सुशील सिंह एवं अन्य छात्राएं तथा अनके अभिवावक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन तिलकधारी महिला महाविद्यालय की छात्रा द्वारा किया।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## रक्तचाप दिवस पर सीएचसी में योग शिविर का हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर,गोंडा। विश्व रक्तचाप दिवस पर सी एच सी पर योग शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान लोगों का ब्लड शुगर और रक्तचाप की जाँच की गई।बुधवार को आयोजित कार्यक्रम



का उद्घाटन नवनिर्वाचित चेयरमैन ममता रस्तोगी ने किया।इस मौके पर अपने सम्बोधन में डॉ श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि नियमित योग और व्यायाम तथा संतुलित आहार से कई गम्भीर बीमारियों से बचा जा सकता है।चेयरमैन ममता रस्तोगी ने कहा कि सीघ्र ही जमीन चिन्हित करके योग गुरू की अगुवाई में नियमित योग कराने की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम को पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी ,चिकित्सक अब्दुल मन्नान ने भी संबोधित किया।इस मौके पर जी पी तिवारी, कुलदीप तिवारी, रजत कुमार, परमात्मा गुप्ता, मंजू शुक्ला, ज्योति गुप्ता,अखिलेश, रवि श्रीवास्तव आदि रहे।

### आरक्षित वन क्षेत्र में बन रहे आशियाने : अफसर मौन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शहर से सटे कस्बा सुल्तानपुर स्थित आरक्षित वन क्षेत्र में लगातार आशियाने बन रहे हैं। स्थानीय रेंजर और वन कर्मियों के संरक्षण से आरक्षित वन क्षेत्र का दायरा प्रभावित होता जा रहा है। लगातार नागरिकों की आरक्षित क्षेत्र में हो रही घुसपैठ से कस्बा सुल्तानपुर के ग्रीन बेल्ट की स्थिति प्रभावित होती जा रही है। वन अधिकारियों की मिलीभगत से वहां पर सड़क बना ली गए हैं और लगातार हरे पेड़ों को क्षति पहुंचाई जा रही है। पर्यावरण प्रेमियों की तरफ से उठाए गए प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए सांसद मेनका गांधी ने भी आवश्यक कार्रवाई करने की हिदायत पूर्व में दे रखी थी। इस बारे में प्रभागीय वन अधिकारी आरके त्रिपाठी कहते हैं कि पत्रावली देखकर और स्थानीय अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू : आयोग ने 23 मई से 12 जून तक मांगे आवेदन

लखनऊ ब्यूरो : पंचायती राज विभाग में ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से इसकी विस्तृत सूचना जारी करते हुए अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। यह भर्ती प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2022 के आधार पर होगी। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार इसके लिए ऑनलाइन आवेदन व शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन, शुल्क जमा व आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तिथि 12 जून निर्धारित की गई है। वहीं शुल्क समायोजन व आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है। आयोग के अनुसार अभ्यर्थियों की छंटनी पीईटी के स्कोर के आधार पर की जाएगी। ऐसे में वही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे जो पीईटी में शामिल हुए हैं और आयोग की ओर से उन्हें स्कोर कार्ड जारी किया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ईडब्ल्यूएस के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को एक अप्रैल 2023 से 12 जून 2023 के बीच जारी प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर देना होगा। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि अभ्यर्थी पीईटी 2022 के रजिस्ट्रेशन नंबर से मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी से आवेदन पूरा कर सकेंगे। अभिलेख परीक्षण के लिए कटऑफ जारी




अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद व समिति में नक्शानवीस/मानचित्रक व रोड रोलर चालक के 16 पदों के अभिलेख परीक्षण के लिए कटऑफ जारी किया है। आयोग के सचिव के अनुसार इसके साथ ही नक्शानवीस/मानचित्रक के 15 पदों का श्रेणीवार आरक्षण भी विज्ञापन के अनुसार ही है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभ्यर्थी इसे आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## जेसीआई जौनपुर द्वारा बिजनेस ट्रेनिंग का किया गया आयोजन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जेसीआई जौनपुर द्वारा व्यापार को सफल बनाने के लिए एक बिजनेस ट्रेनिंग का आयोजन संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में शहर के प्रतिष्ठित होटल में किया गया। अक्सर जीएसटी व टैक्स की जानकारी के अभाव में व्यापारी परेशान होता है और अपने बिजनेस को सुचारू रूप से नहीं चला पाता जिसके लिए ट्रेनर सीए रितुल पाठक जी द्वारा जीएसटी एवं टैक्सेशन पर व्याख्यान व ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के दौरान व्यापारी सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर बहुत ही सरल व सहज तरीके से दिया गया। व्यापारियों के लिए यह ट्रेनिंग बहुत ही महत्वपूर्ण रही। उपरोक्त ट्रेनिंग का संयोजन जेसी संतोष अग्रहरी मेडिकल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर संदीप पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष चौरसिया ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर अध्यक्ष दिलीप सिंह द्वारा बिजनेस ट्रेनर जेसी रितुल पाठक जी को अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राधे रमण




जयसवाल व आलोक सेठ, जोन अधिकारी गौरव सेठ, पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष सौरभ बरनवाल, दिलीप जायसवाल, हफीज शाह, प्रदीप सिंह, रमेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विशाल तिवारी, आशुतोष जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, डॉ प्रशांत द्विवेदी, अजय नाथ जायसवाल, दीपक वाधवा, संतोष अग्रहरि, अभिषेक मेडिकल, राज साहू, अभिषेक बैंकर, शिखर महेश्वरी, शिवेंद्र सेठ आदि उपस्थित रहे।

## रफ्तार का कहर ट्रक ने युवक को रौंदा मौत : परिवार में मचा कोहराम

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सड़क हादसे में अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप यादव निवासी के छोटे भाई मुनेंद्र की हुई मौत। बारात में जश्न मना रहे युवक को ट्रक ने रौंदा।प्रयाग–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामगंज स्थित त्रिशुंडी पेट्रोल पंप के सामने हुई घटना। शहर से सटे रानीगंज गोराबारिक थाना कोतवाली नगर स्थित पैतृक आवास पर मचा कोहराम। रामगंज के प्रभारी थानाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप यादव बोले,ट्रक को हिरासत में लेकर की जा रही आवश्यक विधिक कार्रवाई।

## संदिग्ध हाल में फांसी पर झूल विवाहिता की मौत



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना अंतर्गत गौरा गांव में मंगलवार की रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके कमरे में फंदे के सहारे झूलता पाया गया। मृतका के पति की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मायका पक्ष से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। गांव निवासी गोरख सोनकर की 23 वर्षीय पत्नी काजल सोनकर का मंगलवार की शाम किसी बात को लेकर पति से कहासुनी हो गई थी। स्वजनों का कहना है कि आवेश में आकर काजल अपने कमरे में जाकर भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। सुबह जब देर तक वह दरवाजा नहीं खोली तो बाहर से आवाज दी गई। फिर भी भीतर से कोई प्रतिक्रिया न होने पर रोशनदान की खिड़की से देखा तो पैरों तले जमीन खिसक गई। उसकि शव छत पर लगे चुल्ले से साड़ी के फंदे में झूलता दिखा। घटना की सूचना थाने पर दी गई। पुलिस की मौजूदगी में शव फंदे से उतारा गया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।अभी तक मायका पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।

## अभियान चलाकर लंपी रोग की रोकथाम के लिए किया गया टीकाकरण : मंत्री ने अफसरों को किया सम्मानित

लखनऊ ब्यूरो : पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज के नियंत्रण व मिशन 75 के तहत कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पशुधन निदेशालय में आयोजित इस कार्यक्रम में इस मौके पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह सम्मान देते हुए कहा कि विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने सभी अभियानों में पूरी मेहनत के साथ काम किया। खासतौर से लंपी रोग की रोकथाम के लिए नेपाल से मध्य प्रदेश तक बेल्ट बनाकर सघन टीकाकरण किया गया जिसमें कुल 1 करोड़ 57 लाख 87 हजार 400 पशुओं का टीकाकरण किया गया। 18 अगस्त 2022 से 25



नवंबर 2022 तक विशेष अभियान चलाया गया । सेंट्रल कंट्रोल एवं कमांड सेंटर स्थापित किया गया। इस मौके पर उन्होंने विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र कुमार पांडे, उप सचिव विनोद कुमार, निदेशक तत्कालीन अधिकारियों को आदि को सम्मानित किया साथ ही इस मौके पर उप्र कुक्कुट विकास नीति –22 के पोर्टलध्मोबाइल एप का शुभारंभ किया गया।

## अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारी गोली



सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारी गोली। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया घायल युवक। आज सुबह शौच के लिए जाते समय हुई वारदात। प्रेम प्रसंग में गोली मारने की जताई जा रही आशंका। सूचना पर पहुंची पुलिस पड़ताल में जुटी। बल्दीराय थानाक्षेत्र के पूरे जोतिया गौरा बारामऊ गांव की घटना। बल्दीराय क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद।मंगलवार को बदमाशों ने सगे भाइयों से 50 हजार रुपयों की हुई लूट। विरोध करने से बदमाशों ने सगे भाइयों असलहे के बट से पीटा। दोनो का अस्पताल मे चल रहा इलाज। बहन की सगाई के लिए सामान खरीदने निकले थे दोनो भाई। बल्दीराय थानाक्षेत्र के लंगड़ी गांव की बताई जा रही घटना।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अगर मैं सुखी होना चाहता हूं तो कोई मुझे दुखी नहीं कर सकता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कांग्रेस की सत्ता में वापसी की राह आसान नही

सचिन की नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रही है और गहलोत सचिन को पार्टी से बाहर निकालने की मंशा रखते हैं। कई अवसरों पर गहलोत, सचिन को लेकर बेहद आक्रमक बयानबाजी तक कर चुके हैं।

कर्नाटक चुनाव में बंपर जीत से भले ही कांग्रेस सातवें आसमान पर है, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस की राह आसान नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सरकार रिपीट होने का लगातार दावा कर रहे हैं, लेकिन उनका खुद का इतिहास इस दावे को कमजोर करता है। वर्ष 2003 और 2013 में जब गहलोत मुख्यमंत्री रहते हुए चुनाव में गए थे तो पार्टी की शर्मनाक हार हुई थी।

गहलोत के पूर्व डिप्टी सचिन पायलट, जिन्होंने इस समय कांग्रेस में रहकर ही बगावती तेवर अपनाए हुए हैं, भी इसी मुद्दे को बार–बार उठाकर अशोक गहलोत पर हमला कर रहे हैं। कुल मिलाकर अशोक गहलोत की चौतरफा घेराबंदी शुरू हो चुकी है।

राजस्थान में सरकार के खिलाफ बगावती सुर

11 अप्रैल को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय अनशन करने के बाद 11–15 मई तक सचिन पायलट ने पेपर लीक और भ्रष्टाचार को लेकर अजमेर से जयपुर तक जनसंघर्ष पदयात्रा कर गहलोत सरकार को खुली चुनौती दे दी है। पांच दिन पायलट के निशाने पर अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रहीं, लेकिन जब जयपुर में यह पदयात्रा समाप्त हुई तो गहलोत सरकार के मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने अपनी ही सरकार को भाजपा की कर्नाटक सरकार से ज्यादा भ्रष्ट बता डाला।

गुढ़ा ने तो यहां तक कहा कि हमारी सरकार का एलाइनमेंट खराब हो चुका है। कर्नाटक में 40ः कमीशन की सरकार थी, हमारी उससे भी ऊपर है। भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब यदि सरकार का मंत्री ही इस तरीके के आरोप लगाए तो इससे ज्यादा शर्मनाक एक मुख्यमंत्री के लिए क्या हो सकता है? एक और मंत्री हेमाराम चौधरी, जो सचिन के बेहद करीबी हैं, पहले से ही सरकार के खिलाफ आरोप लगाते रहे हैं।

सचिन गुट में नेताओं की लिस्ट भी बढ़ती जा रही है। सचिन पायलट अशोक गहलोत को लेकर वर्ष 2020 से आक्रमक रुख अपनाए हुए हैं। तब वह 19 विधायकों को लेकर मानेसर चले गए थे और सरकार संकट में आ गई थी। तभी से सचिन और गहलोत एक–दूसरे को देखना नहीं चाहते हैं।

पायलट बनाम गहलोत

सचिन की नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रही है और गहलोत सचिन को पार्टी से बाहर निकालने की मंशा रखते हैं। कई अवसरों पर गहलोत, सचिन को लेकर बेहद आक्रमक बयानबाजी तक कर चुके हैं और सचिन के साथ मानेसर गए विधायकों पर 10–20 करोड़ रुपये भाजपा से लेने तक का आरोप लगा चुके हैं। सचिन भी खुलकर कह चुके हैं कि वो मुख्यमंत्री को बदलना चाहते थे। सचिन तो पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को अशोक गहलोत की नेता तक बता चुके हैं।

कमाल तो यह है कि दोनों नेताओं पर न तो कांग्रेस आलाकमान का कोई बस चल रहा है, न गांधी परिवार का। दोनों ही गुट एक–दूसरे को निपटाना चाहते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिन योजनाओं के सहारे सरकार रिपीट का दम भर रहे हैं, उसके मायने खत्म हो जाते हैं। आम जनता में भी यही संदेश है कि सरकार आपसी झगड़े में फंसी हुई है।

पांच साल के बाद सरकार बदलाव का ट्रेंड

राजस्थान में एक चलन ऐसा चला रहा है, जो गहलोत के खिलाफ जाता है। यहां पांच साल कांग्रेस रहती है तो पांच साल भाजपा की। इस ट्रेंड को तोड़ना बेहद मुश्किल है। यह ट्रेंड केवल जनता को लोकलुभावन योजनाएं देने से बदल जाएगा, ऐसा कहना मुश्किल है, क्योंकि राजस्थान में कानून–व्यवस्था, परीक्षाओं के पेपरलीक, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, अवैध खनन, गैंगवार जैसे बड़े मुद्दे इस समय जनता को साफ–साफ नजर आ रहे हैं।

गहलोत के आगे सबसे बड़ा संकट यह है कि वर्ष 2003 में जब मुख्यमंत्री रहते वो चुनाव में गए थे तो 150 सीटों से 56 सीटों पर आ गए थे और उसके बाद कभी कांग्रेस चुनाव में 100 पार का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। वर्ष 2009 में कांग्रेस सत्ता में लौटी, पर उसे 200 में से सिर्फ 96 सीटें मिलीं और गहलोत ने जोड़–तोड़ कर बसपा के विधायकों को कांग्रेस में शामिल करा लिया।

सरकार किसी तरह चलती रही, लेकिन वर्ष 2013 में तो कांग्रेस पार्टी 21 सीटों पर रह गई थी। वर्ष 2018 में कांग्रेस पुनः सत्ता में आई पर 100 सीटें ही पार्टी को मिलीं। सचिन बार–बार कह रहे हैं कि गहलोत के नेतृत्व में पार्टी हारती है। हालांकि, अब चुनाव इतना नजदीक है कि कांग्रेस पंजाब जैसा फैसला, जहां कैप्टन अमरिंदर सिंह को बदल दिया गया था, राजस्थान में नहीं लेना चाहेगी।

अब तक सचिन पायलट को लेकर जो संकेत मिल रहे हैं, उनके अनुसार वो कांग्रेस की ओर से कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं, ताकि खुद को शहीद दिखाकर इमोशनल कार्ड खेल सकें। अशोक गहलोत गुट भले सचिन पर कार्रवाई चाहता हो, लेकिन पार्टी अब तक इस दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ती नहीं दिख रही।

कर्नाटक में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की जोड़ी की भांति कांग्रेस राजस्थान में भी गहलोत–पायलट को एक रखकर चुनाव में जाना चाहती है। फिलहाल तो इसकी संभावना बिल्कुल भी नजर नहीं आती। एक संभावना जो सबसे प्रबल है, वह यह है कि सचिन नई पार्टी बनाकर तीसरे मोर्चा का गठन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल लगातार सचिन को रिझाने में लगे हैं। यदि ऐसा होता है तो गुर्जर–जाट समीकरण कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी, दोनों को परेशान कर सकता है।

भाजपा के लिए भी कई चुनौतियां

जहां तक राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी का सवाल है तो अधिकांश नेता यही मानकर खुद को तसल्ली दे रहे हैं कि पांच साल बाद राज्य में सरकार तो बदलती ही है। राज्य में पार्टी के नेतृत्व को लेकर भी एक असमंजस की स्थिति है।

पार्टी अब तक इस संकट को यह कहकर दूर करती आ रही है कि चेहरा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही रहेगा। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले कुछ दिनों से सक्रिय हुई हैं। वह दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं और दोनों ही बार उनके नेतृत्व में पार्टी सत्ता से बेदखल हुई है। ऐसे में उन पर पार्टी दांव लगाएगी, इसकी संभावना कम नजर आती है।

पार्टी में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को भी एक प्रमुख चेहरा माना जाता है। इसके अलावा अर्जुनराम मेघवाल से लेकर सतीश पूनिया और एक लंबी लिस्ट नेताओं की है, जो खुद को प्रोजेक्ट करते रहते हैं। चुनाव के समय सत्ता के लिए बहुमत वाले नंबर आते हैं तो किसके सिर मुख्यमंत्री का ताज आएगा? यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी ही जानती होगी। फिलहाल तो मौसम की गर्मी से ज्यादा राजस्थान में राजनीति की रेत गर्म होती जा रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## संयुक्त मोर्चा के आंदोलन में फार्मेसिस्ट फेडरेशन की होगी भागीदारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ, फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने पुरानी पेंशन बहाली, जिलों में परिवर्तित मेडिकल कॉलेजों में समाप्त हो रहे पदों को बचाने, संविदा के लिए नीति बनाने, निजीकरण समाप्त करने के लिए कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा घोषित आंदोलन में भागीदारी करने का निर्णय लियाहै । एक वर्चुअल बैठक में विभिन्न फार्मेसिस्ट संघों के पदाधिकारियों द्वारा फार्मेसिस्ट संवर्ग की लंबित मांगों पर भी चिंता जताई है। फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री अशोक कुमार, संयोजक के के सचान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे पी नायक, ने कहा कि प्रदेश के फार्मेसिस्ट वेतन विसंगति की समस्या लगातार उठा रहे हैं, लेकिन मुख्य सचिव समिति द्वारा अभी तक फार्मेसिस्ट की वेतन विसंगति पर कोई चर्चा नहीं की । फेडरेशन ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, पदों के मानक निर्धारण, पुनर्गठन सहित विभिन्न सामूहिक एवं संवर्गीय मांगो के समर्थन में मोर्चे द्वारा 18 मई को प्रत्येक जनपद में धरने का आयोजन किया है, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद इसमें भागीदारी कर रहा है, फेडरेशन, मोर्चे और परिषद का एक संबद्ध परिसंघ है इसलिए सभी फार्मेसिस्ट संघ इसमें साथ हैं । जिसमे एलोपैथ के साथ वेटरनरी, आयुर्वेद यूनानी, होम्योपैथ, श्रम, समाज कल्याण, सभी संस्थानों , आयुर्विज्ञान संस्थान के फार्मेसिस्ट शामिल हैं । सभी विभागों में आए दिन पदोन्नति ना होने का मामला प्रकाश में लाया जा रहा है, होम्योपैथ फार्मेसिस्टो को समय पर एसीपी तक नहीं मिल रही, वेटनरी की नियमावली निर्माण की प्रक्रिया बेवजह विवादित बनाई जा रही है, संविदा का वेतन निर्धारण नही हुआ, पीजीआई, लोहिया, सैफई में पदों का सृजन नहीं हो रहा है, कारागार में उच्च पद सृजित नहीं हुए इस प्रकार श्रम , समाज कल्याण सहित सभी विभागों के कर्मी मानसिक रूप से परेशान हैं । बैठक में मुख्य रूप से लखनऊ के डॉ राम मनोहर लोहिया संस्थान सहित प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयो एवं महिला चिकित्सालयो को एक साथ मिलाकर उन्हें मेडिकल कॉलेज बनाये जाते समय वहां पर पूर्व से कार्यरत सभी कर्मचारियों को धीरे–धीरे कार्यमुक्त कर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को भेजने का मुद्दा उठा । पदाधिकारियों ने कहा कि इससे अनेक जटिलताएं उत्पन्न हो रही हैं जो आगे और विकराल रूप ले सकती हैं, विभिन्न संवर्गों के अनेक पद समाप्त हो जा रहे हैं, वहीं उच्च संवर्गीय पदोन्नति के पद भी समाप्त हो रहे हैं, जिससे पदोन्नतिया बाधित होंगी । फार्मासिस्ट संवर्ग में प्रभारी अधिकारी फार्मेसी के पद जिला चिकित्सालयों में ही सृजित है, वहीं चीफ फार्मेसिस्ट के ज्यादातर पदों को जिला और महिला चिकित्सालयों में स्थापित किया गया है, इन परिस्थितियों में यह सभी पद समाप्त हो जाएंगे, जिससे कार्मिक नीचे के पदों से ही सेवानिवृत्त होने लगेंगे । बैठक में वेटनरी फार्मेसिस्ट एसो के अध्यक्ष किरण सिंह, होम्योपैथ फार्मेसिस्ट सेवा संघ के महामंत्री शिव प्रसाद, आयुर्वेद एवं यूनानी फार्मेसिस्ट संघ के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय, ई एस आई फार्मेसिस्ट संघ के अध्यक्ष उदयराज सिंह, समाज कल्याण फार्मेसिस्ट एसो के अध्यक्ष ए आर कौशल, होमगार्ड फार्मेसिस्ट एसो, के जी एम यू के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, लोहिया संस्थान के अध्यक्ष अशोक , सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान के अध्यक्ष राजीव यादव, एस जी पी जी आई फार्मेसिस्ट एसो के अध्यक्ष दिनेश कुमार, यूथ फार्मेसिस्ट एसो के अध्यक्ष आदेश, संविदा के अध्यक्ष प्रवीण यादव, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वाराणसी के अध्यक्ष जे एस उपाध्याय, सालिक राम गुप्ता, अखलाक, अजीत यादव, दिल्ली सरकार के जनेश्वर , जितेंद्र कुमार, साइंटिफिक विंग आदि के पदाधिकारी उपस्थित थे । सभी संवर्गों की प्रमुख मांगों पर चर्चा हुई, जल्द ही सभी को समाहित कर कार्मिक विभाग को पत्र भेजा जायेगा। रिटायर विंग के साथियों ने भी अपने अनुभव बांटे।

# शाहाबाद बस स्टैण्ड पर रोजाना शाम को वाहन चेकिंग बना पुलिस की अवैध कमाई का जरिया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कोतवाली शाहाबाद की पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से मनमाने तरीके से वसूली की जा रही है। कभी गाड़ी के कागजात तो कभी हेलमेट न पहनने की वजह से वाहन जब्ती की कार्रवाई का डर दिखाकर जमकर अवैध वसूली हो रही है। रोजाना शाम को पुलिस की वाहन चेकिंग से पथ विक्रेताओं,ठेला, खोमचा, मिठाई की दुकानों एवं जनरल स्टोर आदि का व्यापार,कारोबार ठप सा हो गया। छोटे दुकानदार पुलिस को कोस रहे हैं। इस बाबत व्यापारियों का कहना है कि पहले वाहन चौकिंग पुलिस अधीक्षक,हरदोई के आदेश पर महीने दो महीने में एक दो बार होती थी।परंतु अब तो रोजाना चेकिंग कर पुलिस अपनी आमदनी बढ़ाने में लगी है।कुछ मामलों में पीड़ित लोगों की मानें तो यहां पुलिस जाम हटवाने से ज्यादा अवैध वसूली में लगी रहती है। पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर बिना हेलमेट के चलने वालों से 100–200 रुपए लेकर उन्हें छोड़ देती है। अगर कोई पैसे देने में आनाकानी करता है तो उसका चालान काट दिया जाता है। इसके अलावा पुलिस द्वारा गालियां भी दी जाती हैं। यह पुलिस वालों का धंधा एक दिन का नहीं, बल्कि हमेशा का है। पुलिस द्वारा की जा रही चौकिंग के नाम पर वसूली नहीं रुक पा रही है। पुलिस द्वारा व्यवस्थाओं और कामकाज से ज्यादा सड़कों पर खड़े होकर वाहनों को रोककर डराया जाता है और पुलिस कर्मियों द्वारा चालान करने की धमकी देकर अपनी जेबें गरम की जा रही हैं। पुलिस द्वारा कभी बस स्टैंड तो कभी आंझी रैली क्रॉसिंग पर वाहनों की चौकिंग की जा रही है। कुछ लोग कार्रवाई होने के डर से पुलिस कर्मी को कुछ खर्चा पानी देकर निकल लेते हैं तो वहीं कुछ लोगों द्वारा लंबा इंतजार करने के बाद उन्हें छोड़ा जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि ड्राइविंग करते वक्त वाहन चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी), वाहन का बीमा व वैलिड पल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट होना चाहिए।आरसी और इंश्योरेंस सर्टिफिकेट आदि की फोटो कॉपी भी अपने पास रख सकते हैं। जानकार बताते हैं कि ट्रैफिक के नियम तोडने पर ट्रैफिक पुलिस के पास यह अधिकार है कि वह नियम तोडने वाले का लाइसेंस जब्त कर सकती है। लाइसेंस की



यह जब्ती तीन महीने के लिए होती है। साथ ही रेड लाइट जंप करना, सामान की ओवरलोडिंग, बोझा ढोने वाले वाहनों में सवारी लेकर चलना, शराब पीकर या ड्रग्स लेकर गाड़ी चलाना, ड्राइविंग करते हुए मोबाइल पर बात करना और ओवर स्पीड आदि। ऑन द स्पॉट चालान ,यह चालान तब काटे जाते हैं, जब नियम तोडने वाले को पुलिस रंगे हाथों पकड़ लेती है और उसे चालान थमाकर वहीं पर जुर्माना वसूल लेती है। कोई अगर उस वक्त जुर्माना नहीं भरना चाहे तो पुलिस डीएल जमा कराकर चालान दे देती है। जिसे बाद में जमा कराया जा सकता है। अगर कोई नियम तोड़कर भाग गया तो पुलिस उसका नंबर नोट कर उसके घर चालान भिजवा देती है। इस चालान का जुर्माना भरने के लिए आरोपी को एक महीने का वक्त दिया जाता है। अगर समय पर जुर्माना नहीं भरा गया तो चालान कोर्ट भेज दिया जाता है। कोर्ट के चालान आमतौर पर कानून तोडने की ऐसी गंभीर घटनाओं में दिए जाते हैं। जिनमें जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। कौन कर सकता है फाइन : हेड कांस्टेबल से ऊपर का ट्रैफिक ऑफिसर यानी एएसआई या एसआई ही जुर्माना कर सकता है। कॉन्स्टेबल को फाइन करने का हक नहीं है। वह सिर्फ गाड़ी का नंबर नोट कर सकते हैं। पुलिस चलती गाड़ी से चाबी खींचकर आपको नहीं रोक सकती।सामने से आते वाहन को रोकने के लिए चलते वाहन पर चालक का हाथ नहीं पकड़ सकती।चार पहिया वाहन के सामने अचानक बैरीकेड्स नहीं लगा सकती।यदि सड़क पर चाबी खींचकर या दबाव देकर पुलिस जवान आपको रोकते हैं तो वाहन चालक के पास अधिकार होता है कि वह वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी शिकायत कर सकते हैं। फिलहाल बस स्टैण्ड शाहाबाद पर रोजाना पुलिस की वाहन चेकिंग से न केवल व्यापारी,कारोबारी परेशान हैं बल्कि बड़ी संख्या में आवागमन करने वाले राहगीर भी परेशान हैं।यहां के लोगों के लिए पुलिस मित्र नहीं वल्कि शत्रु बन चुकी है। शाहाबाद पुलिस के नाकारेपन पर मास्टर वहीद खां वहीद ने लिखा है कि हर तरफ अन्याय अत्याचार,उत्पीड़न दमन, सोंचता हूं दोस्त, तुमने सौंप दिया,किसको अपना चमन। खुदा खैर करे।

# सहकारी कृषि से उत्पादन में वृद्धि होगी और नई तकनीक अपनाने में रहेगी आसानी –सीडीओ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सहकारी कृषि पर जोर देते हुए कहा कि इससे उत्पादन में वृद्धि होगी और नई तकनीकों को अपनाने में आसानी रहेगी। उन्होंने कृषक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। बिजली विभाग को किसानों की समस्या का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने बताया कि बैंक खाते से आधार लिंक अवश्य करवा लें ताकि किसान सम्मान निधि व अन्य किसी भी प्रकार के भुगतान में कोई कठिनाई न हो। खातों के ई–केवाईसी अवश्य करवाएं। आधार कार्ड की सीडिंग अवश्य करवा लें। उत्पादन बढ़ाने के लिए खेत को खाली न छोड़ें। श्री अन्न व दलहनी फसलों की खेती पर जोर दें। मृदा स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। ढैंचा की खेती करें। इससे खेतों को जैविक खाद प्राप्त हो सकेगी। मेड़ों पर ढैंचा छोड़ देंने से फसलों में वायरस नही लगेगा तथा अगले वर्ष के लिए बीज भी प्राप्त हो सकेगा। विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गयी। केवीके के वैज्ञानिक डॉ अशोक तिवारी ने कृषि की उन्नत तकनीकों व उन्नत बीज की



जानकारी दी। पशुपालन विभाग की ओर से किसानों को गलाघोंटू का टीका लगवाने के लिए जागरूक किया गया। एनएलएम के अंतर्गत बकरी पालन, भेड़ पालन व शूकर पालन की जानकारी दी गयी। किसानों द्वारा गोष्ठी में अपनी समस्याओं को रखा गया जिनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए निरंतर नई गोशालाओं की स्थापना की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित संबंधित अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी व किसान संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में 11 घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय थाना क्षेत्र बीती रात क्षेत्र के अब्बोपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर लाठी डंडे चले । दोनो पक्ष से करीब 11 लोग घायल हो गए। । घायलों का उपचार पी एच सी सोंधी मे कराया गया । गम्भीर घायलो को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया । जानकारी के अनुसार अब्बोपुर गांव मे नन्दलाल और श्यामलाल पक्ष के बीच जमीनी विवाद को पुरानी रंजिश चल रही है। बीती रात इसी विवाद मे पहले दोनो पक्षों के बीच गाली गलौज हुआ जो बाद मे मारपीट बदल गई । मारपीट मे एक पक्ष के जानकी 18 पुत्री नंदलाल , सुदामा 28पत्नी दयाराम सुखना 50 पत्नी नंदलाल अजय 20 पुत्र नंदलाल नंदलाल 52 शिवप्रकाश दयाराम 50पुत्र शिवनारायण घायल होगए जबकि दूसरा पक्ष के शामली 42 पत्नी श्यामलाल श्यामलाल 48राम उजागर मिला 22पुत्री हरिलाल आनंद 22 पुत्र श्यामलाल हेमंत 26 पुत्र श्यामलाल घायल हो गए । मारपीट मे गम्भीर रूप से एक पक्ष से सुदामा,सुखना दयाराम , तथा दूसरे पक्ष से श्यामलाल ,हेमंत को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । थानाध्यक्ष यजुर्वेद कुमार सिंह ने बताया की अब्बोपुर मे जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थीं दोनो पक्षों से मुकदमा दर्ज कर लिया गया। छानबीन के बाद आवश्यक कारवाई की जाएगी।

## भाजपा नेत्री की तहरीर पर अश्लील वीडियो भेजने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत भाजपा से जुड़ी एक महिला नेता के फोन के फेसबुक मैसेन्जर ऐप पर अश्लील वीडियो क्लिप भेजने तथा मना करने पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर धमकी देने वाले मनचले युवक के विरुद्ध पीड़ित महिला की तहरीर के पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक मछली शहर अतर सिंह को सौंप दी है। मुंगराबादशाहपुर नगर के एक मोहल्ला निवासी एवं एवं राजनीतिक पार्टी से सम्बद्ध संभ्रांत महिला के फेसबुक मैसेन्जर ऐप पर एक सिरफिरे युवक द्वारा अश्लील वीडियो क्लिप भेजा जा रहा था जिसे लेकर महिला द्वारा विरोध जताने पर मनचले युवक द्वारा धमकी देते हुए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए टिप्पणियां भेजी जाने लगी ।राजनीतिक पार्टी से सम्बद्ध समाजसेवी महिला द्वारा पहले अश्लील वीडियो क्लिप आदि भेजने वाले मनचले के बारे में जानकारी एकत्रित कर आरोपी शीतला प्रसाद उर्फ निक्को गुप्ता पुत्र मिठाई लाल गुप्ता निवासी मोहल्ला उमराना मछलीशहर के विरुद्ध मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी को लिखित तहरीर देकर नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की । पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने आरोपी शीतला प्रसाद उर्फ निक्को गुप्ता पुत्र मिठाई लाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक मछली शहर अतर सिंह को सौंप दी है।

## अमर शहीद सुखदेव जी के जन्म दिवस पर दी पुष्पांजलि –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। अमर शहीद सुखदेव जी के 116 वा जन्मदिवस दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन मोहम्मद जाकिर खान साहब की अध्यक्षता में दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग और भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के द्वारा दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के सभागार में धूमधाम से मनाया। उल्लेखनीय है कि राजीव जोली खोसला पिछले 22 वर्षों से गरम दल क्रांतिकारी वीरों को नमन करते आए हैं, हिंदू ,मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों को साथ लेकर। वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह के साथी सुखदेव का जन्म ग्राम नौघरा लुधियाना पंजाब में 15 मई, 1907 को हुआ था। इनके पिता प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्री रामलाल थापर तथा माता श्रीमती रल्ली देई थीं।सुखदेव के जन्म के दो साल बाद ही पिता का देहान्त हो गया। सुखदेव के जन्म के समय वे ज क्रान्तिकारी वातावरण में सुखदेव बड़ा हुए। जब वह तीसरी कक्षा में थे, तो गवर्नर उनके विद्यालय में आये। प्रधानाचार्य के आदेश पर सब छात्रों ने गवर्नर को सैल्यूट दियाय पर सुखदेव ने ऐसा नहीं किया। जब उनसे पूछताछ हुई, तो उन्होंने साफ कह दिया कि मैं किसी अंग्रेज को प्रणाम नहीं करूँगा। आगे चलकर सुखदेव और भगतसिंह मिलकर लाहौर में क्रान्ति का तानाबाना बुनने लगे। उन्होंने एक कमरा किराये पर ले लिया। वे प्रायः रात में बाहर रहते थे या देर से आते थे। इससे मकान मालिक और पड़ोसियों को सन्देह होता था। इस समस्या के समाधान के लिए सुखदेव अपनी माता जी को वहाँ ले आये। अब यदि कोई पूछता, तो वे कहतीं कि दोनों पी.डब्ल्यू.डी. में काम करते हैं। नगर से बहुत दूर एक सड़क बन रही है। वहाँ दिन–रात काम चल रहा है, इसलिए इन्हें आने में प्रायः देर हो जाती है। सुखदेव बहुत साहसी थे। लाहौर में जब बम बनाने का काम प्रारम्भ हुआ, तो उसके लिए कच्चा माल फिरोजपुर से वही लाते थे। एक बार माल लाते समय वे सिपाहियों के डिब्बे में चढ़ गये। उन्होंने सुखदेव को बहुत मारा। सुखदेव चुपचाप पिटते रहेय पर कुछ बोले नहींय क्योंकि उनके थैले में पिस्तौल, कारतूस तथा बम बनाने का सामान था। एक सिपाही ने पूछा कि इस थैले में क्या है ? सुखदेव ने त्वरित बुद्धि का प्रयोग करते हुए हँसकर कहा – दीवान जी, पिस्तौल और कारतूस हैं। सिपाही भी हँस पड़े और बात टल गयी। जब साइमन कमीशन विरोधी प्रदर्शन



के समय लाठी प्रहार से घायल होकर लाला लाजपतराय की मृत्यु हुई, तो सांडर्स को मारने वालों में सुखदेव भी थे। उनके हाथ पर ॐ गुदा हुआ था। फरारी के दिनों में एक दिन उन्होंने वहाँ खूब सारा तेजाब लगा लिया। इससे वहाँ गहरे जख्म हो गयेय पर फिर भी ॐ पूरी तरह साफ नहीं हुआ। इस पर उन्होंने मोमबत्ती से उस भाग को जला दिया। पूछने पर उन्होंने मस्ती से कहा कि इससे मेरी पहचान मिट गयी और पकड़े जाने पर यातनाओं से मैं डर तो नहीं जाऊँगा, इसकी परीक्षा भी हो गयी। उन्हें पता लगा कि भेद उगलवाने के लिए पुलिस वाले कई दिन तक खड़ा रखते हैं। अतः उन्होंने खड़े–खड़े सोने का अभ्यास भी कर लिया।जब भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी घोषित हो गयी, तो जनता ने इसके विरोध में आन्दोलन किया। लोगों की इच्छा थी कि इन्हें फाँसी के बदले कुछ कम सजा दी जाये। जब सुखदेव को यह पता लगा, तो उन्होंने लिखा, ''हमारी सजा को बदल देने से देश का उतना कल्याण नहीं होगा, जितना फाँसी पर चढ़ने से।'' स्पष्ट है कि उन्होंने बलिदानी बाना पहन लिया था।23 मार्च, 1931 को भगतसिंह , राजगुरु और के साथ सुखदेव भी हँसते हुए फाँसी के फन्दे पर झूल गये। पुष्पांजलि सभा में भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला मंच का संचालन किया और आए हुए सभी राष्ट्र भक्तों का चेयरमैन साहब के द्वारा स्वागत करवाया उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय कलाकार हितेश शर्मा ,अंतरराष्ट्रीय जादूगर जितेंद्र सिंह बब्बर ने भी इस मौके पर जादूगर करतब दिखाया,प्रसिद्ध संगीतकार साक्षी कुमारी जी, तीन दफा अंतरराष्ट्रीय योगा चौंपियन रहे तेजस्वी शर्मा ने दी अपने योगा के आसन दिखाकर सभी को अचंभित कर दिया ऐसा दिख रहा था कि उनके शरीर में हड्डी नाम की वस्तु है ही नहीं !उपस्थित मो फैज खान जी जो मुस्लिम होते हुए भी एक बेहतरीन कथावाचक डॉ नफीस कुरेशी ,डीके मेहंदीरात्ता, गोपाल खंडेलवाल,दूरदर्शन से अर्चना जी निशा शर्मा यादराम शर्मा ,भारतीय समता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीराम तोमर उपस्थित रहे।

# दीवानी न्यायालय परिसर में हुए गोलीकांड में एक उपनिरीक्षक सहित पांच पुलिसकर्मी निलंबित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दीवानी न्यायालय परिसर मंगलवार को गोली चलने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हलवावर श्रवण कुमार यादव ने गेट नंबर 3 से प्रवेश कर न्यायालय परिसर में स्थित लाकअप पर पहले से पेशी में लाए गए बंदी 1.सूर्य प्रताप राय उर्फ गोलू राय 2.मिथिलेश गिरि उर्फ डब्लू गिरि के ऊपर गोली चलाई जिससे दोनों बंदी घायल हो गए। गेट नंबर 3 पर मौजूद कर्मियों द्वारा तलाशी नहीं लिया गया जिसके कारण श्रवण कुमार यादव असलहा लेकर न्यायालय परिसर में प्रवेश कर उक्त घटना को कारित किया। गेट नंबर तीन पर मौजूद कर्मियों का कृत्य अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। जिसके कारण निम्न पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। 1.उ0नि0 कालीचरण कन्नौजिया 2.मु0का0 संतोष कुमार गुप्ता 3.मु0का0 संजय यादव 4.मु0का0 जय किरन सोनकर 5.का0 अनिल चौहान 6.म0का0 अर्चना मौर्य।

# देवदूत वानर सेना के सौजन्य से सम्पन्न हुई गरीब विधवा के बेटी की शादी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के कलवारी गांव की गौड़ बस्ती में मंगलवार की दोपहर एक असहाय विधवा की बेटी की शादी धूम धाम से सम्पन्न हुई तो दुल्हन बनी खुशबू की माता की आँखे खुशी में छलक पड़ी। क्षेत्र के बांकी गांव से आई बारात में जितने भी लोगआए थे वहां की व्यवस्था देख चकित रह गये। उक्त गाँव के स्वर्गीय हरिश्चंद्र गौड़ ने अपनी दो बेटियों नीतू व ज्योती का विवाह कर दिया था।लगभग आठ साल पहले उनकी मौत हो गयी।उनकी विधवा पत्नी शशिकला को अपनी सयानी बिटिया खुशबू(22) की शादी की चिंता खाए जा रही थी।इसके बाद चौथी बिटिया पूजा 15) की भी शादी रह जायेगी।आय का कोई श्रोत नहीं।सिर्फ मेहनत मजदूरी का ही सहारा है।किसी तरह रिश्तेदारों से सम्पर्क कर खुशबू की शादी बांकी के स्वर्गीय भगनू गौड़ के बेटे सौरभ से तय हो गई लेकिन आर्थिक तंगी के कारण विवाह का खर्च उठाना उसके बूते की बात नही दिख रही थी।किसी तरह उसकी समस्या की जानकारी देवदूत वानर सेना के प्रमुख अजित सिंह को हुई तो उन्होंने अपने फेस बुक पर गांव की बिटिया की शादी में मदद की एक अपील जारी किया।फिर क्या था देखते ही देखते शादी की सारी व्यवस्था के लिए लोगों ने सहयोग राशि भेजना शुरू कर दिया जिसमें बी काइंड इंडिया की तरफ से भोजन व्यवस्था के लिए पाँच हजार का चेक भी आया।व शेरवा गांव निवासी व वानर सेना के सक्रिय सदस्य कपिल उपाध्याय ने बताया कि इस शादी में बिटिया के लिए जेवर,कपड़े,बर्तन ,सन्दूक,अटैची बेड ,श्रृंगार की सामग्री,कूलर आदि के अलावा टेंट,बैंड, डीजे ,वीडियो ग्राफी,कैमरा तथा नाश्ता भोजन आदि वानर सेना की तरफ से व्यवस्थित हुई। जय माल कार्यक्रम में आस पास के लोगों ने उपहार देकर शादी में सहयोग किया। सारे लोग बारातियों की सेवा में ततपर दिखे।लग रहा था जैसे बारात उन्हीं के द्वार पर आई हो। शादी मंडप में दुल्हन दूल्हे के फेरे लेने के समय ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीत गाए। पण्डित राजीव कुमार व लव कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया। बेटी की विदाई के समय माता शशिकला फूट फूट कर रो रही थी,सभी की आंखे नम हो गई। शशिकला ने भर्राई आवाज में वानर सेना के लोगों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भइया लोगन न रहा होतेंन त बिटिया के बियाह न होइ पावत। कार्यक्रम में वानर सेना के सदस्य नारायण सिंह ,प्रतीक सिंह,विनय सिंह,पंकज बेनवंशी के अलावा धर्मेंद्र कुमार,रमेश चन्द्र, सदाशिव गौंड सहित बड़ी संख्या में लोग सक्रिय रहे।क्षेत्र में इस शादी की चर्चा है।

# प्रदेश में मनमानी से चल रहे हैं तमाम प्राइवेट प्ले स्कूल : नियमों के दायरे में लाने प्रशासन की चुप्पी

लखनऊ ब्यूरो : प्राइवेट प्ले स्कूलों की स्थापना, संचालन व उनकी मनमानी रोकने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से बनाए गए दिशानिर्देशों पर शासन के अधिकारी कुंडली मार कर बैठ गए हैं। तीन वर्ष से लगातार लिखापढ़ी के बावजूद प्रदेश सरकार ने न तो अपने स्तर से इसके लिए कोई कानून बनाया और न ही केंद्र के स्तर से बनाए गए नियामकीय दिशानिर्देशों पर ही अमल किया। हालात ये हैं कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक प्राइवेट प्ले स्कूलों की बाढ़ आई हुई है। लेकिन, उनकी जवाबदेही को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। कहा जा रहा है कि प्राइवेट प्ले स्कूलों के संचालन से जुड़े प्रभावशाली लोगों के प्रभाव में अफसर चुप्पी साधे हुए हैं। प्रदेश में 0–6 वर्ष के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से स्कूल पूर्व शिक्षा की जिम्मेदारी राज्य के बाल विकास एवं पुष्टहार विभाग को सौंपी गई है। लेकिन, निजी स्कूलों में जाने वाले बच्चों के लिए तय मानकों का अनुपालन कराने के लिए कोई नियामकीय तंत्र नहीं है। जानकार बताते हैं कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने वर्ष 2017 में 0–6 वर्ष के बच्चों के संरक्षण की पहल करते हुए प्राइवेट प्ले स्कूलों की मान्यता के लिए नियामकीय दिशानिर्देश ((रेगुलेटरी कंप्लायंस) जारी किए थे। इसमें प्ले स्कूलों की स्थापना, मान्यता की प्रक्रिया, प्ले स्कूल के मानक, स्टाफ की संख्या व योग्यता, भवन, कार्यअवधि, शिक्षण सामग्री, लाइब्रेरी, खेलकूद, स्वास्थ्य व सुरक्षा जैसे विषय शामिल थे। केंद्र सरकार ने इन दिशानिर्देशों पर अमल के लिए भी बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को ही नोडल विभाग नामित किया। आयोग ने राज्य सरकारों से कहा था वे चाहें तो राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के दिशानिर्देशों को ही अधिसूचित कर प्ले स्कूलों को नियमों के दायरे में ले आएं। अथवा, इन दिशानिर्देशों के प्रावधानों को शामिल कर राज्य स्तर पर कानून बनाकर कार्यवाही करें। मगर, इन दिशानिर्देशों पर क्या हुआ, इस पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। अकेले राजधानी लखनऊ में करीब 2000 प्ले स्कूल होने का अनुमान है। प्रमुख सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार डा. वीना कुमारी मीना से इस संबंध में बात के लिए कई बार संपर्क किया गया, मगर उन्होंने न तो फोन रेस्पांड किया और न ही मैसेज का जवाब दिया। बाल संरक्षण आयोग बार–बार मांग रहा जवाब, अफसर चुप राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के दिशानिर्देशों पर अमल के लिए राज्य बाल संरक्षण आयोग वर्ष 2020 से लगातार कोशिश कर रहा है। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य की ओर से इन दिशानिर्देशों पर अमल के लिए शासन के बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। मार्च 2020 और जुलाई 2020 में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष डा. विशेष गुप्ता ने प्रमुख सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को पत्र लिखा। मई 2022 और मई 2023 में आयोग की वरिष्ठ सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने पत्र लिखा। मगर, शासन के अधिकारी न तो इन पत्रों का जवाब दे रहे हैं और न ही इस संबंध में कोई कार्यवाही ही कर रहे हैं। आयोग की चिंता आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 0–6 वर्ष के बच्चों की स्कूल पूर्व शिक्षा व उनके सर्वांगीण विकास का उत्तरदायित्व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग का है। लेकिन, निजी स्कूलों में जाने वाले बच्चों के लिए तय मानकों के अनुपालन के लिए कोई तंत्र कार्यरत नहीं है। रेगुलेटरी गाइडलाइन के खंड–1 के प्रस्तर 2(डी) के अनुसार प्री–प्राइमरी व नर्सरी के स्कूलों के रजिस्ट्रेशन की मान्यता जारी रखने या न रखने का दायित्व जिला स्तर पर आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारियों का है। मगर, राज्य में इस पर अमल नहीं हो रहा है। गाइडलाइन का पालन न होने से बड़े निजी संस्थाओं में कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घट चुकी हैं। प्राइवेट प्ले स्कूल को नियमों के दायरे में न लाए जाने से मान्यता के तय मानकों पर उनका परीक्षण व स्थलीय सत्यापन संभव नहीं है। नियामकीय निर्देशों पर अमल व कार्रवाई न होने से बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व शैक्षिक वातावरण पर असर पड़ता है। नियामकीय निर्देशों पर कार्रवाई की तिमाही प्रगति रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराई जानी चाहिए, मगर पत्रों का जवाब तक नहीं दिया जाता। आयोग ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट आयोग की वरिष्ठ सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने गत एक मई को नया पत्र लिखा। उनके मुताबिक पिछले पत्र में रेगुलेटरी गाइडलाइन का अनुपालन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया था। मगर, एक वर्ष बीतने के बाद भी आयोग को रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने प्रदेश के समस्त जिलों में स्थित समस्त प्ले स्कूलों से संबंधित सूचना रेगुलेटरी गाइडलाइन में दिए गए प्रारूप पर इकट्ठा कराने तथा समस्त प्ले स्कूलों का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन कराते हुए 15 दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह 15 दिन भी मंगलवार को समाप्त हो रहा है। फिलहाल बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से आयोग को कोई जवाब नहीं मिला है। प्ले स्कूलों की मनमानी नियमों के दायरे में न होने से फीस का कोई तय ढांचा तय नहीं है। इससे मनमानी फीस ली जाती है। प्ले स्कूलों की निगरानी के लिए कोई तंत्र नहीं है, इससे इनके खिलाफ शिकायत का कोई फोरम नहीं है। तमाम प्ले स्कूल दो–चार कमरे में शुरू कर दिए जाते हैं। वहां खेलने–कूदने व स्वास्थ्य को लेकर उचित वातावरण का अभाव प्ले स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक व देखभालकर्ता उपलब्ध हैं या नहीं, यह सुनिश्चित नहीं हो पाता। शिक्षा विभाग प्रावइेट प्ले स्कूलों को रेगुलेट करने संबंधी कार्य नहीं कर रहा है। इस संबंध में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ही बता पाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में प्राइवेट प्ले स्कूलों को रेगुलेट करने के लिए कोई पॉलिसी नहीं है। विभाग आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कर रहा है। इस बारे में शिक्षा विभाग से बात करनी चाहिए। विकास एवं पुष्टाहार केंद्र के निर्देश का कराएंगे पालन हम आंगनबाड़ी के प्री–स्कूल का विधिवत संचालन और मानीटरिंग करा रहे हैं। प्राइवेट प्ले स्कूल से संबंधित विषय शिक्षा विभाग को देखना चाहिए। यदि केंद्र सरकार ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को इसके लिए नोडल बनाया है तो इससे संबंधित दिशानिर्देश पता कर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराऊंगी।

# पॉस्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली पुलिस ने पॉस्को एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने बताया कि क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को राघवेन्द्र दत्त बिन्द निवासी जमालपुर, थाना मछलीशहर बीते 14 मई को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था। नाबालिग किशोरी को उसी दिन बरामद कर लिया गया था। किंतु आरोपी मौके से फरार हो गया था। मंगलवार भोर में मुखविर से सूचना मिली कि आरोपी युवक घर आया हुआ है। कोतवाली पुलिस ने घेरे बंदी कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के दौरान सब इंस्पेक्टर हरिनारायण पटेल,सिपाही गोबिंद खरवार और विमलेश मौजूद रहे।

## रोडवेज बस से यात्री के जेवरात चोरी : यात्रियों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के पूरा सरवन गांव निवासी विवाहिता मंगलवार की दोपहर अपने मायके से ससुराल जाने के लिए बाइक से स्थानीय रोडवेज पहुंची। रोडवेज से सुल्तानपुर डिपो की बस में सवार हुई। बस में पहले से सवार तीन युवको ने विवाहिता के मदद के लिए हाथ बढावा

# पत्नी के हत्यारे पति को उम्र कैद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल ने शाहगंज थाना क्षेत्र के बद्दोपुर गांव में विवाहिता की जलाकर हत्या करने के दोषी पति बिट्टू राजभर को उम्र कैद व ध10000 जुर्माने की सजा सुनाया । घटना की प्राथमिकी मृतका के पिता ने दर्ज कराया था। अभियोजन कथानक यह है कि के अनुसार वादी ने अपनी पुत्री शशिकला की शादी 2007 में बिट्टू राजभर से किया था।15 जुलाई 2018 को 11:00 रात बद्दोपुर के एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि शशिकला गंभीर रूप से जल गई है।सरकारी अस्पताल शाहगंज में भर्ती है।उसी रात वादी अस्पताल पहुंचा।लड़की ने बताया कि पति ने झगड़ा किया और कहा कि तुम्हें नहीं रखूंगा। मेरे घर से भाग जाओ।जब लड़की ने घर से बाहर जाने से मना किया तो मारने पीटने लगा।उस पर मिट्टी का तेल फेंक दिया। जब वह भागने लगी तो पीछे से माचिस लगाकर जला दिया।उसके चिल्लाने पर गांव वाले आकर उसे बचाए।अस्पताल ले गए। बाद में लड़की की मृत्यु हो गई। पुलिस ने कोर्ट में केस डायरी दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी पति बिट्टू राजभर को हत्या का दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाया।

# बारात में शामिल होने गए बुआ के लडके को दबंगों ने पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के अर्गूपुर खुर्द गांव में अपने बुआ के लडके की शादी समारोह में शामिल होने गए युवक को मनबढ़ दबंगों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोरशराबे की आवाज सुनकर मौके पर भीड इकट्ठा देख दबंग मौके से फरार हो गए। बरातियों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी गांव निवासी राम दुलार विश्वकर्मा के बेटे विनोद विश्वकर्मा की बारात सोमवार की रात क्षेत्र के अर्गूपुर खुर्द गांव निवासी रजिन्दर विश्वकर्मा के घर आई थी। अपने बुआ के लडके की बारात में शामिल होने पहुंचे क्षेत्र के कोंहडा गांव निवासी राहुल विश्वकर्मा (24)पुत्र स्व रामबचन विश्वकर्मा की गुरैनी गांव निवासी मनबढो से कहासुनी हो गई जिसकी वजह से मनबढो ने राहुल को भीड भाड से दूर ले जाकर जमकर पिटाई कर दिया। शोरशराबे की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य बारातियों की भीड़ देखकर दबंग फरार हो गए। इसकी सूचना बरातियों ने पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर जानकारी हुई है मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र व बेटी घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत क्षेत्र के रुधौली बाजार में बाइक असंतुलित होकर गिरने से बाइक पर सवार पिता पुत्र व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने रिश्तेदारी से मंगलवार की देर रात बाइक से अपने घर पट्टीनरेन्दर पुर जाते समय बाइक सवार राहुल शुक्ला (32)पुत्र राम सदाफल व बाइक पर सवार आठ वर्षीय पुत्र देव शुक्ला व बेटी सात वर्षीय प्रीती शुक्ला रूधौली बाजार के समीप असंतुलित होकर पलटने से बाइक सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर तीनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।

# पति सास ननद सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने विवाहिता की तहरीर के पर पति सुशील कुमार मिश्र,सास सीता देवी ननद उपमा एवं एक अज्ञात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करने में जुट गई है। क्षेत्र के सोहासा गांव निवासी श्वेता शुक्ला पुत्री इन्द्र मणि शुक्ला ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी 22 फरवरी 2016 को प्रतापगढ़ जिले के फतनपुर थाना क्षेत्र के सुरवा मिश्रपुर गांव निवासी सुशील कुमार मिश्र पुत्र ओंकार नाथ मिश्र के साथ हुई थी। शादी दो लाख रुपए नकद एवं एक अपाचे बाइक पर तय हुई थी। जिसे हमारे पिता ने दे दिया था। शादी के दो साल बाद मेरी सास सीता देवी ननद उपमा पति सुशील कुमार की शह पर एक चौन व घर बनवाने के लिए नगद रकम लाने के लिए दबाव बनाने लगे।इन्कार करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।इस दौरान उसे एक लड़का पैदा हुआ जिसे यह नाजायज औलाद की संज्ञा देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। बीते 2 अप्रैल को प्रतापगढ़ में स्थित माता मंदिर पर सुलह समझौता हुआ तथा पति सुशील कुमार मुझे लेकर अपनी बहन कंचन के घर लेकर गए। जहां उन्होंने मुझे एक बार फिर रात में प्रताड़ित करने लगे।मेरे पति संतोष कुमार का किसी के साथ अफेयर चल रहा है उसके साथ मिलकर पति सुशील कुमार द्वारा मेरे पिता और मुझे बराबर फोन पर धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने अपने जान–माल की सुरक्षा करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता श्वेता शुक्ला की तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने मुकदमा पति सुशील कुमार मिश्र ,सास सीता देवी पत्नी ,ननद उपमा निवासीगण सुरवा मिश्रपुर थाना फतनपुर प्रतापगढ़ एवं एक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# केजीएमयू में आधे डॉक्टर छुट्टी पर : ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही मरीजों की बढ़ी आफत

लखनऊ ब्यूरो : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में मंगलवार से आधे डॉक्टर एक माह के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर चले गए। ये डॉक्टर जब लौटेंगे, तब बचे हुए डॉक्टर अवकाश पर जाएंगे। यानी दो महीने मरीजों की जान पर आफत रहेगी। दावा भले ही किया जा रहा हो कि ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं इस दरम्यान नहीं प्रभावित होंगी, पर हकीकत यह है कि हर साल ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बड़े पैमाने पर मरीजों के ऑपरेशन टलते हैं। जबकि पहले से ही कई विभागों में सर्जरी के लिए महीनों की लंबी वेटिंग चल रही है। केजीएमयू में इस समय करीब 450 डॉक्टर हैं। विश्वविद्यालय की स्थापना मेडिकल कॉलेज के रूप में हुई थी। चिकित्सा की पढ़ाई के लिए यहां अस्पताल का संचालन और इलाज किया जाता है। इसीलिए शिक्षकों की तरह ही यहां के डॉक्टरों को भी ग्रीष्मकालीन अवकाश की सुविधा मिलती है। दावा किया जाता है कि व्यवस्था बनी रहे, इसीलिए एक बार में आधे डॉक्टरों को ही छुट्टी दी जाती है। इस तरह से ओपीडी की कोई भी यूनिट बंद नहीं होती है। पर, ऑपरेशन के मामले में यह बात पूरी तरह से लागू नहीं हो पाती। क्योंकि, सर्जरी करने वाले हाथ कम हो जाते हैं। इससे ऑपरेशन के मामलों में वेटिंग और बढ़ती जाती है। बरसों से चली आ रही व्यवस्थान मरीज खुश, न डॉक्टर ग्रीष्मकालीन अवकाश की व्यवस्था बरसों से चली आ रही है। इससे मरीजों को परेशानी तो होती है, डॉक्टर भी खुश नहीं हैं। डॉक्टर कहते हैं कि इस व्यवस्था में उन्हें कोई फायदा नहीं। क्योंकि छुट्टी उस समय मिलती है जब ज्यादातर को इसकी जरूरत नहीं होती। बेहतर होता कि इसके बदले उपार्जित अवकाश की सुविधा होती। जब उन्हें छुट्टी की जरूरत होती तो वे लेते, नहीं तो उसका नकदीकरण हो जाता। शिक्षकों को फिलहाल उपार्जित अवकाश की सुविधा नहीं मिलती। छुट्टी की अवधि में भी विभागाध्यक्ष और डीन को सामान्य कामकाज के लिए विभाग में आना होता है। बाकी शिक्षकों में से कई छुट्टी पर रहते हुए विभाग आते




रहते हैं, लेकिन वे अन्य कामों से अलग रहते हैं। गैर–सर्जिकल विभागों के अलावा एक–एक शिक्षक वाले कई विभागों में भी अवकाश के चलते इलाज की गाड़ी पटरी से उतर जाती है। 6000–7000 मरीज आते हैं रोजाना 350 सर्जरी होती हैं सब पर पड़ेगा असर केजीएमयू में पूरे प्रदेश से मरीज आते हैं। रोजाना की बात करें तो यहां 6000–7000 मरीज ओपीडी में देखे जाते हैं। छोटी और बड़ी मिलाकर करीब 350 सर्जरी रोजाना होती हैं। सबसे ज्यादा बेड संख्या होने के साथ ही यहां ओपीडी में सामान्य के साथ ही एक ही परचे पर सुपर स्पेशियलिटी विभाग की सुविधाओं का भी लाभ मिल जाता है। सबसे ज्यादा मरीज यहां आने के पीछे भी यह एक बड़ी वजह है। ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं चलती रहती हैं केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. सुधीर सिंह का कहना है कि केजीएमयू में जारी व्यवस्था के हिसाब से डॉक्टरों को एक महीने का ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलता है। मरीजों की सुविधा को देखते हुए अवकाश दो बार में लिए जाते हैं। अवकाश की अवधि में भी ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं चलती रहती हैं। सर्जरी के लिए तारीखें भी इसे ध्यान में रखते हुए ही दी जाती हैं। शिक्षकों को मिले विकल्प तो न हो समस्या केजीएमयू शिक्षक संघ के महासचिव प्रो. संतोष कुमार का कहना है कि ग्रीष्मकालीन या शीतकालीन अवकाश के कारण मरीजों को समस्या होती है। इनके निराकरण के लिए चिकित्सकों को निश्चित अवधि में अवकाश के बदले आवश्यकतानुसार उपार्जित अवकाश का विकल्प दिया जा सकता है। इससे चिकित्सकों के हित भी प्रभावित नहीं होंगे और मरीजों को इलाज भी मिलता रहेगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर : एक महिला समेत तीन की मौत

बाराबंकी ब्यूरो : लखनऊ–सुल्तानपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी और बाइक से सड़क पर गिरे तीन लोगों को रौंदते हुए चला गया। इस भीषण हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौके मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि हाईवे पर मांस के टुकड़े फैल गए। जिन्हे समेटने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरे लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चौबीसी गांव के पास बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे सुल्तानपुर की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मारी। बाइक पर दो पुरुष व एक महिला सवार थी। लगते ही तीनों उछलकर सड़क पर गिरे और फिर इन्हीं के ऊपर से ट्रक गुजरता हुआ चला गया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण के मुताबिक, तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो चालक तेजी



से ट्रक लेकर भाग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस और पुलिस ने शवों को सड़क से हटवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बाइक के नंबर के आधार पर मृतक अमेठी जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस शिनाख्त की कोशिश में लगी है। कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जमीनी विवाद में जमकर चली लाठियां : 9 लोग घायल व 5 जिला अस्पताल रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तेजी बाजार थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव में बीती रात करीब 11 बजे जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई । जिसमें दोनों तरफ से कुल मिलाकर 9 लोग घायल हो गए । ज्ञात हो कि नेवढ़िया गांव में सुनीता पत्नी रमेश चंद्र सरोज का पड़ोसी अमरचंद सरोज उर्फ हजारी से काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है । पूर्व में भी मारपीट हो चुकी है । आज रात इसी जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी होते–होते जमकर मारपीट हो गई । जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए । घायलों में एक पक्ष के अमरचंद उर्फ हजारी ,आदर्श .राकेश, अभिषेक, संजीव को काफी चोटें आई । दूसरे पक्ष के प्रेमचंद उर्फ कल्लू ,सचिन ,दीपक मनोज कुमार को चोटे आई । जिसमें दूसरे पक्ष के प्रेमचंद .सचिन. दीपक .मनोज .और प्रथम पक्ष के आदर्श को गंभीर चोट होने की वजह से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । जहां उनका बेहतर इलाज चल रहा है ज्ञात हो कि बीती रात जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को ले जाकर दोनों तरफ से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है । दोनों तरफ से एक 1 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है । और घायलों का इलाज चल रहा है । इस संबंध में तेजी बाजार थाना अध्यक्ष रामप्रवेश कुशवाहा ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर रात में जमकर मारपीट हो गई थी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ के लोगों को लाकर हॉस्पिटल पहुंचाया । वहां से चोट से गंभीर हुवे 5 लोगों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जिनका इलाज चल रहा है। दोनों तरफ से मुकदमा लिख लिया गया है पुलिस जांच कर रही है।

# छींटाकसी का विरोध करना युवती को पड़ा महंगा पड़ोसी युवक ने युवती समेत उसके भाई को पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव में घर पर बैठी युवती को रास्ते से गुजर रहे पड़ोसी युवक के छींटाकसी करने का विरोध करना पड़ा महंगा पड़ोसी युवक ने पहले युवती व फिर बीच–बचाव करने आए उसके भाई की परिजनों संग मिलकर की पिटाई शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई । सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने सुरेरी थाने पर प्रार्थना पत्र देकर पड़ोस के रहने वाले युवक पर छींटाकसी करने व विरोध करने पर परिजनों संग मिलकर पिटाई का आरोप लगाई युवती की माने तो वह घर के सामने बैठी थी जहां मकान के बगल से होकर निकले रास्ते से जा रहे पड़ोसी युवक द्वारा युवती पर छींटाकसी किया गया जब युवती युवक द्वारा छींटाकशी करने का विरोध किया गया तो युवती की उक्त हरकत युवक को नागवार गुजरी और आक्रोशित युवक युवती की ही पिटाई करने में जुट गया हल्ला सुनकर मौके पर बीच–बचाव के लिए पहुंचे युवती के भाई को भी आरोपित युवक अपने परिजनों संग मिलकर पिट दिया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने सुरेरी थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर की। पीड़िता की शिकायत पर सुरेरी पुलिस मामले की जांच में जुट गई। चर्चा है एक तरफ सरकार जहां महिला की सुरक्षा को लेकर तरह–तरह के दावे करती हैं तो सुरेरी चौकी क्षेत्र के इस युवक पर जो खुलेआम छींटाकशी का विरोध करने पर युवती की पिटाई कर दी उक्त मामले में पुलिस अभी तक असहाय बन क्यों बैठी है। इस संबंध में सुरेरी चौकी प्रभारी विवेकानंद यादव ने बताया रास्ते को लेकर दोनों पक्षों में पूर्व से ही विवाद चल रहा था पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

# शिकायत दर्ज होते ही भ्रष्टाचारी सरकारी कर्मी आ रहे एंटी करप्शन के शिकंजे में – संजय मिश्रा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)अगर किसी भी व्यक्ति से कोई भी सरकारी व अन्य व्यक्ति काम कराने के नाम पर घूस मांगने का कार्य कर रहा है तो वह बेहिचक भ्रष्टाचार निवारण संगठन विभाग के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा से शिकायत कर सकते है।जिससे समय रहते उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा सके।यह बातें पुलिस लाइन में स्थित भ्रष्टाचार निवारण संगठन के निरीक्षक संजय मिश्रा ने कही।फरवरी माह मे इस जनपद में भ्रष्टाचार निवारण संगठन विभाग में निरीक्षक का पद संभालने वाले संजय मिश्रा ने बताया कि अभी तक महज चार माह में उन्होंने पीड़ितों की शिकायत पर घूस लेते हुए पांच सरकारी कर्मचारियों को रंगे हाथों पकड़ कर गिरफ्तार कर जेल भेजा। उन्होंने बताया कि जिले के मिल्कीपुर, बीकापुर, थाना कैंट, सोहावल के अलावा अमेठी व सुल्तानपुर जिले में स्थित लंभुआ तहसील क्षेत्र से लेखपाल सहित एडीओ पंचायत को घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।कुल मिलाकर इधर पिछले चार महीने में पांच से अधिक घूस लेने वाले सरकारी कर्मचारियों को घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।वही उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष महज इस मामले में तीन आरोपियों को भ्रष्टाचार निवारण संगठन विभाग के कर्मियों ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। उन्होंने बताया कि उनकी प्रथम प्राथमिकता अयोध्या रेंज के अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी व अम्बेडकरनगर जिले को घूस लेने वाले सरकारी कर्मचारियों से लोगों को निजात दिलाना है। उन्होंने इस जिले में कार्य करने वाले सभी सरकारी व ऐसे लोगों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे सभी घूस लेने से बाज आए नहीं तो शिकायत कर्ता द्वारा शिकायत दर्ज होने के बाद अगर वे घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए तो उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# गर्मी में सुराही व घड़ों की जगह ले लिया फ्रिज : दो दशक पहले लोग करते थे घड़े व सुराही का उपयोग

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)एक समय था जब गर्मी के दिनों में शहर व गांव के लोग ठंडा पानी पीने के लिए सुराही व घड़े का उपयोग करते थे।परंतु भौतिकता के इस युग में इनकी जगह फ्रिज ने ले लिया है।आज से दो दशक पहले गांव व शहर के लोग गर्मी से राहत पाने के लिये सुराही व घड़े का उपयोग करते थे।शहर के लोग अधिकतर गर्मी के दिनों में सुराही व घड़ों दोनों का उपयोग करते थे।जबकि गांव के लोग अधिकतर घड़ों का उपयोग करते थे।अगर देखा जाए तो पहले गांव को तो छोड़िए शहर वासियों वासियों के यहां फ्रिज आदि कम ही लोगों के घरों में पायी जाती थी।पहले अमीर लोगों के घरों में ही फ्रिज पायी जाती थी।वही अधिकतर शहर वासियों के घरों में फ्रिज का अभाव रहता था।उस समय अधिकतर लोगो के घरो में उतनी आमदनी नहीं रहती थी जिससे वे सभी लोग फ्रिज का उपयोग कर सकें।जिसके चलते अधिकतर शहर वासियों के घरों में सुराही व घड़े ही दिखाई देते थे।वही दशा ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देता था।उस समय लोग अपने अपने घरो,बागों,टयूबेलों सहित अन्य जगहों पर सुराही व घड़ों का उपयोग करते थे।जिसमें ठंडा पानी भरा रहता था। बड़े बुजुर्ग बताते है जो सुराही व घड़े में पानी की जो स्वाद व शीतलता रहती थी वह फ्रिज में रखे पानी में नहीं।जिसके चलते गांव से लेकर शहर तक कुम्हारों के घरों व दुकाने घड़ों व सुराहियों से गर्मी के दिनों में सज जाती थी।अब इन घड़े व सुराही की जगह फ्रिज ने लिया है।जिसके चलते अब कुम्हारों को सुराही व घड़ों से होने वाली आमदनी भी बंद हो गई है।

# सन स्ट्रोक व हीट स्ट्रोक से पशुओं को बचाये पशुपालक – भानु प्रताप पाठक



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय गर्मी से जहां एक ओर आम जनमानस परेशान है।वह किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं।वही दशा इस समय पशुओं में दिखाई दे रही है। इस समय पशुओं में सन स्ट्रोक व हीट स्ट्रोक से पीड़ित होने की अधिक संभावना बनी रहती है।यह बातें प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भानु प्रताप पाठक ने बताई।उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी से पशुओं का हाल भी बुरा है।उन्होंने बताया कि सन स्ट्रोक में पशुओं को बीमारी सूर्य के तीव्र धूप से होती है।जबकि हीट स्ट्रोक में पशुओं को बीमारी होने का मुख्य कारण घुटन होता है।गांव व शहर में अक्सर देखा जाता है कि पशुपालक अपने पशुओं को ऐसे जगह पर रखते हैं जहां पर आने जाने के लिए केवल एक ही दरवाजा रहता है।पशुओं को रहने वाले जगह पर हवादार खिड़की का अभाव रहता है। जिससे वहां पर रहने वाले पशुओं को घुटन महसूस होती है। उन्होंने बताया कि इस दोनों बीमारियों में पशुओ में बुखार, मुंह से लार टपकना,सांस फूलना,भूख न लगना सहित अन्य प्रमुख लक्षण दिखाई देते है।उन्होंने बताया कि खासकर इस जगह पर रहने वाले पशुओं को बीमारी गोबर से निकलने वाली मीथेन गैस से भी होती है। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में पशुओं को गलाघोटू जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है। इसके लिए अभी से टीमें गठित कर गांव – गांव व शहर–शहर पशुओं में गलाघोटू से बचाव हेतु टीके लगाने का कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सुअरो में होने वाले स्वाइन फीवर से बचाव हेतु 30 अप्रैल तक टीकाकरण अभियान चलाया गया था।

# शहर में जाम समस्या से शहरवासी परेशान : राम पथ निर्माण व ई रिक्शा बने जाम का कारण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर में जाम की समस्या एक गंभीर आम समस्या बनी हुई है।इस समस्या के समाधान पर इससे संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।जिसके चलते इस जाम में घंटों स्कूली बच्चे, मरीज,सरकारी व निजी कर्मी,राहगीर में फंसे रहते हैं।सबसे अधिक इन लोगों को उस समय काफी परेशानी होती है जब इस भीषण गर्मी में दोपहर घंटों इस जाम में लोग फंसे रहे।जिसका मुख्य कारण शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस, पुलिस व होमगार्ड के कर्मी नदारद रहे।मालूम हो कि शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए शहर के शांति चौक,फतेहगंज चौराहा, देवकाली तिराहा, देवकाली बाईपास,नाका बाईपास, रायबरेली बाईपास,पुष्पराज चौराहा,सिविल लाइन चौराहा, बेनीगंज तिराहा,रीडगंज तिराहा सहित कई चौराहों व तिराहे पर यातायात व होमगार्ड कर्मियों की तैनाती जाती है।परंतु इधर इन जगहों पर आये दिन यातायात व होमगार्ड कर्मी नदारद रहते है।जिसका असर सोमवार को एक बार फिर शहर में दिखाई दिखाई दिया।एक बार फिर सोमवार दो शहर के मुख्य चौराहे जाम में फंसे रहे।शहर में जाम का आलम यह रहा कि चौक से रिकाबगंज मार्ग,जमुनिया बाग से रीडगंज तिराहा, देवकाली तिराहा से वजीरगंज, देवकाली बाईपास से साकेतपुरी मार्ग, देवकाली बाईपास से देवकाली



पुलिस चौकी, रायबरेली बाईपास, नाका बाईपास सहित अन्य प्रमुख चौराहों व तिराहे पर दोपहर घंटों जाम लगा रहा।जिसमें इस भीषण गर्मी में स्कूली बच्चे,मरीज व अन्य शहर के कई लोग फसे रहें। इस संबंध में यातायात प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि जाम का मुख्य कारण शहर में राम पथ निर्माण,सीवर लाइन का कार्य के साथ साथ ई – रिक्शा भी है।उन्होंने बताया कि शहर में जाम की स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए रुट डायवर्जन किया गया है।इसके साथ ही साथ बाहर से आने वाले रोडवेज बसों को अंदर नहीं आने दिया जा रहा है।वही उनके मुताबिक शहर में संचालित लगभग सात हजार ई रिक्शा इस जाम का कारण बन रहे हैं।जो गंभीर समस्या बनी हुई है।अब नये ई रिक्शा के पंजीकरण को बंद करने के लिये कई बार आरटीओ विभाग से पत्राचार किया गया परंतु नतीजा कुछ नहीं निकला।

## छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।बीकापुर अयोध्या। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ गलत हरकत करने तथा पास्को एक्ट के आरोपी को 12 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। सोमवार को पीड़ित पिता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने नाबालिक बालिका के साथ गलत हरकते करने व पास्को एक्ट में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पीड़ित पिता का आरोप है कि उसके गांव के ही एक युवक द्वारा पिछले 3 से 4 माह पूर्व से उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत हरकत कर रहा था।तहरीर में यह भी बताया है कि पीड़ित बाहर मुंबई में रहता है जब उसे जानकारी हुई तो वह तत्काल अपने घर आया और घटना के संबंध में पूरी जानकारी करने के बाद डायल 112 पुलिस को फोन करके सारी घटना की जानकारी दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विपक्षी से पूछताछ किया जिसके बाद विपक्षी को अपने साथ कोतवाली ले आई है तथा घटना के संबंध में लिखित शिकायत कोतवाली में देने को कही है। तहरीर में यह भी बताया है कि विपक्षी के इस कृत्य से पीड़ित काफी आहत है तथा उसकी सामाजिक क्षति हो रही है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी शकील अहमद पुत्र खलील अहमद के विरुद्ध मुकदमा पास्को एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को खजुराहट चौराहे के समीप से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# कोर्ट परिसर में हुए गोली कांड के बाद तीन गांव से कई लोगो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना अंतर्गत धर्मापुर में 6 मई 2022 को हुए बादल हत्याकांड के प्रतिसोध स्वरूप 16 मई 2023 को कोर्ट परिसर मे मृत पहलवान बादल यादव के भाई द्वारा की गई गोलीबारी को लेकर जनपद की पुलिस प्रशासन काफी गंभीर हो चुका है। तथा हर स्तर से मामले की जांच पड़ताल में जुटा हुआ है। जैसे गोली चलाने वाले श्रवण यादव को असलहा कहा से प्राप्त हुआ। उसके कौन– कौन मददगार हो सकते है। घटना करने के बाद उसका भागने का प्लान क्या था इन सब विन्दुओं को नजर में रखते हुए तीन गावो से पुलिस ने मंगलवार की शाम को जफराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरगावा गांव से तथा गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर व कबीरुद्दीनपुर गांव से कई लोगो को हिरासत में ले लिया तथा उनसे इस घटना के मामले में गहन पूछताछ की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हिरासत के दौरान कई थानों की पुलिस लग रही थी। वही कोर्ट परिसर में गोली चलने के बाद से ही गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर गांव से कई नव युवक अपने घर से फरार हो चुके है। तथा बाजार में भी काफी सन्नाटा छाया रहा। हालांकि पुलिस लगातार धर्मापुर बाजार में चक्रमण करती दिखाई दी। हिरासत में लिए गए लोगो के बारे मे जानकारी लेने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने कुछ भी बताने से इनकार किया।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने जियो टैगिंग कायाकल्प सर्वे में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य मे डायट परिवार द्वारा प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर मंचासीन वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह ,प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता रविंद्र नाथ, दिलीप सेठ, दीपक सिंह, शैलेंद्र सिंह ,जितेंद्र कुमार , डॉ राजन सिंह जीआईसी एसआरजी सभी को प्राचार्य द्वारा साल, बुके, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य का सम्मान डाइट परिवार द्वारा किया गया किया गया अपने संबोधन में डायट प्राचार्य द्वारा कहा कि टीम भावना से ही सफलता मिलती है मैं अकेले कुछ नहीं कर सकता यह पूरे टीम के सहयोग से ही संभव था वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह, द्वारा कहा गया कि यह सभी प्रवक्ता एवं प्रशिक्षुओ द्वारा मिलकर कार्य करने से संभव हुआ। प्राचार्य द्वारा



प्रवक्ता नीरज मणि तिवारी अखिलेश कुमार मौर्य, समस्त प्रवक्तागण के साथ–साथ डी.सी एम.आई.एस दुर्गेश कुमार पटेल एवं समस्त डी.सी. एवं समस्त यस आर जी को साल, बुके, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयास धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता नीरज मणि तिवारी द्वारा किया गया, मंच का संचालन प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## आवासीय रामसेवक इण्टर कालेज की मनाई गई रजत जयंती

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।बाबा बाजार (अयोध्या) जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर स्थित मवई शिक्षा क्षेत्र के बाबा बाजार स्थित आवासीय रामसेवक यादव इण्टर कालेज में 16 मई मंगलवार को विद्यालय की रजत जयंती मनाई गई।रजत जयंती कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह व छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किया गया। विद्यालय के रजत जयंती के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या सांसद लल्लू सिंह व सदस्य विधान परिषद शिक्षक खण्ड लखनऊ (माननीय सभापति दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) विशिष्ट अतिथि उमेश द्विवेदी रहे । मंत्री जी ने कहा कि गरीब बच्चों और संपन्न अभिभावक के बच्चे एक साथ यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे ,यह यहां के प्रबंधक श्री राजेश सिंह के द्वारा फीस माफ करके पुनीत कार्य किया जा रहा ।ऐसे विद्यालय को बढ़ावा देने का कार्य हम तन मन धन से करते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने दीप प्रज्वलित करके सरस्वती जी और कालेज के संस्थापक श्रद्धेय बाबू शिवराम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद श्री सिंह ने कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा बहुत अमूल्य धरोहर है जो हमारे पग पग पर काम आती है,बिना शिक्षा के हमारा जीवन अधूरा है। सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षकों मायाराम यादव,हजारी श्रीवास्तव आदि को अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन में रुदौली तहसील के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिनारायण यादव, एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष धनीराम यादव ने परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पुरस्कार वितरित किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि शिवगोविन्द पांडेय,जिलामंत्री धर्मेंद्र सिंह,जिला चिकित्सा संयोजक डॉ पवन कुमार सिंह,मण्डल महामंत्री, अजय सिंह,उमाशंकर सिंह,विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह,प्रधानाचार्या डॉ अमिता सिंह,वाइस प्रिंसिपल एल बी यादव,राम सतन, इन सी सी ए एन ओ जयप्रकाश यादव,उमेश सिंह,कायस्थ सभा रुदौली के अध्यक्ष अरविन्द व्यास,अधिवक्ता रमेश सिंह,हिमांशु श्रीवास्तव व छात्र–छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ.अमिता सिंह ने कहा कि बच्चों के उज्जवल जीवन और सुनहरे भविष्य की कामना करती हूं साथ ही सभी छात्र–छात्राओं से अपील भी करती हूं कि अपने जीवन में लगातार परिश्रम इमानदारी विनम्रता लगन के साथ लक्ष्य के प्रति दृढ़संकल्प बने सभी स्टूडेंट समय के पाबंद रहे और उसे व्यर्थ न होने दें आगे प्रधानाचार्या ने कहा जीवन में कभी भी चुनौतियों से डरना मत आत्मविश्वास साहस और परिश्रम करके उन चुनौतियों का सामना करना और अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना निरंतर सत्य के मार्ग पर चलकर समाज में आदर्श नागरिक बनकर कॉलेज के साथ–साथ माता–पिता गुरुजनों का नाम रोशन करना कालेज के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने कहा की किसी भी विद्यालय की सबसे मूल्यवान सम्पति उसके विद्यार्थी होते हैं उनके बिना शिक्षक और विद्यालय कुछ भी नहीं है लेकिन एक अच्छे शिक्षक के बिना विद्यार्थी कुछ भी नहीं है यह दोनों एक दूसरे के लिए बहुत महत्व रखते हैं आगे प्रबंधक ने विद्यालय परिवार के साथ–साथ बच्चों के आत्मविश्वास को कायम रखते हुए सदैव प्रगति पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया राम मूर्ति सिंह ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अयोध्या जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल के आयोजन हेतु दी जानकारी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने बताया कि पूर्ववत प्रत्येक विकासखण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन करने हेतु माह मई 2023 को चौपाल आयोजन का रोस्टर निर्गत करते हुए समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मासिक रोस्टर को जनपद के मा0 सांसदध मा0 सदस्य, राज्यसभाध्मा0 सदस्य विधान सभा/सदस्य विधान परिषद एवं अन्य जनप्रतिनिधि को स्वयं उपलब्ध कराते हुये रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपाल का आयोजन अपने विकासखण्ड में कराना सुनिश्चित करें। ग्राम चौपालों के आयोजन की डिजिटल डायरी अवश्य तैयार करायी जाय तथा चौपाल में मा0 उपमुख्यमंत्री जी के संदेश को पढ़कर अवश्य सुनाया जाय व रिपोर्ट ससमय रूरल साफ्ट पर आयोजन की तिथि में ही फीड करान सुनिश्चित करें। जनपद के सभी विकासखण्डों जल यथा–रूदौली, मयाबाजार, सोहावल, मसौधा, बीकापुर, हरिग्टनगंज, मिल्कीपुर, तारून, पूराबाजार, अमानीगंज व मवई विकासखण्ड में आयोजित कराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि दिनांक 19 मई 2023 को विकासखण्ड रूदौली के ग्राम पंचायत रामसरनदासपुर व नरौली की चौपाल जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है इसी तरह विकासखण्ड मयाबाजार के ग्राम पंचायत बोधीपुर व अंकारीपुर, विकासखण्ड सोहावल में ग्राम पंचायत बैदरापुर व गौरा ब्रम्हनान, विकासखण्ड मसौधा में माधवपुर व पाराकैल, विकासखण्ड बीकापुर में ग्राम पंचायत लुत्फाबाद बछौली व गुन्धौर, विकासखण्ड हरिग्टनगंज में ग्राम पंचायत आदिलपुर व मलेथू खुर्द, विकासखण्ड मिल्कीपुर में ग्राम पंचायत अगरबा व पलिया मु0 कुचेरा, विकासखण्ड तारून में ग्राम पंचायत सीहीपुर व करौंदी, विकासखण्ड पूराबाजार में ग्राम पंचायत राजेपुर व तिहुरा, विकासखण्ड अमानीगंज में ग्राम पंचायत जिगनाही व चमरूपुर तथा विकासखण्ड मवई में ग्राम पंचायत बीबीपुर व दुल्लापुर में ग्राम चौपाल नामित अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गयी है।

## वापस मिलेगी रकम : यूपीआई या नेट बैंकिंग से गलत डिजिटल पेमेंट हो जाने पर तुरंत टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत दर्ज

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। यूपीआई (फोनपे या गूगलपे) से गलत पेमेंट हो जाने पर 3 दिन के अंदर बैंक को इसकी सूचना दें.भुगतान के दौरान मोबाइल पर मिले मैसेज को डिलीट नहीं करें। भारत में पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल पेमेंट का चलन तेजी से बढ़ा है। खासकर नोटबंदी के बाद कई कारोबारी और ग्राहक यूपीआई के जरिए भुगतान करने लगे हैं,लोगों ने डिजिटल पेमेंट के फायदों को जानकार इसे तेजी से अपनाया है. लेकिन एक छोटी–सी गलती कभी–कभी लोगों को भारी पड़ जाती है और वह है किसी अन्य व्यक्ति के खाते में पैसे चले जाना, यूपीआई या नेट बैंकिग के जरिए पेमेंट करते समय खाता संख्या गलत होने पर पैसे किसी और व्यक्ति को चले जाते हैं,ऐसे में लोग परेशान होने लगते हैं, लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं है,क्योंकि इस राशि को आप आसानी से वापस पा सकते हैं,गलत ऑनलाइन पेमेंट होने पर तुरंत घर बैठे बस एक नंबर पर फोन लगा दें। इसके बाद संबंधित बैंक में जाकर फार्म भरना होगा, हालांकि, शिकायत पेमेंट होने के 3 दिन के अंदर करनी होगी।आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार, अगर गलती से गलत अकाउंट में वैसे चले जाएं तो 48 घंटे के भीतर रिफंड ले सकते हैं।आइये जानते हैं इससे जुड़ा प्रोसेस शिकायत के लिए किस नंबर पर लगाएं फोन जब भी यूपीआई और नेट बैंकिंग से गलत खाता नंबर पर पेमेंट हो जाए तो सबसे पहले 18001201740 पर इसकी शिकायत दर्ज कराएं, इसके बाद संबंधित बैंक जाएं और फार्म भरकर इसकी जानकारी दें, अगर बैंक मदद करने से मना कर दे तो इसकी शिकायत bankingombudsman.rbi.org.in पर करें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के अनुसार, ऑनलाइन पेमेंट के दौरान गलती से किसी ग्राहक के खाते की रकम किसी और के पास चलजी जाती है तो बैंक की जिम्मेदारी है कि वह शिकायत पर गौर करके 48 घंटे के भीतर रिफंड करे। याद रखें हमेशा यूपीआई और नेट बैंकिंग से पेमेंट करने के बाद फोन पर मिलने वाले मैसेज को डिलीट नहीं करें. इस मैसेज में PPBL नंबर होता है, जिसकी शिकायत के समय जरूरत पड़ती है कॉल करने के बाद जाएं बैंक।गलत ऑनलाइन पेमेंट होने पर बैंक में कॉल कर सारी जानकारी के साथ च्च्ठस् नंबर दर्ज करवाएं। 3 दिन के अंदर बैंक में जाएं और वहां अपनी लिखित शिकायत दर्ज करें। बैंक को दिए जाने वाला फार्म में ट्रांजेक्शन रेफरेंस नंबर, तारीख, रकम और जिस गलत खाते में पैसे गए उसकी जानकारी दें.।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा 188 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 16 मई 2023 को मदरसा दारूल उलूम नियाजिया कदारियों, अबू सराय में हज के लिए जाने



वाले हज यात्रियों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण किया गया।जिसका नेतृत्व उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राकेश चौधरी ने किया।इस मौके पर मौजूद सभी हज यात्रियों को पोलियो,मेनिनजाइटिस का टीका लगाया गया।वही ऐसे हज यात्री जिनकी उम्र 65 वर्ष से ऊपर है और वे किसी बीमारी से पीड़ित दिखाई दिये उन्हें सीजनल इन्फ्लूएंजा का भी टीका लगाया गया। इस संबंध में उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राकेश चौधरी ने बताया कि मौके पर 222 में से कुल उपस्थित 188 हज यात्रियों का टीकाकरण हुआ।मौके पर टीकाकरण में हज यात्रा के लिए नामित ट्रेनर अब्दुल वहीद द्वारा पूर्ण सहयोग और समन्वय दिया गया।

## अयोध्या लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बयान दिया ,अधिकारियों को दिए गए निर्देश, बरसात के पहले पूरा हो जाए राम पथ का निर्माण, रात दिन तीन शिफ्ट में कार्य कराए जाने के निर्देश दिए, अयोध्या नगरी खास महत्व रखती है, पीएम मोदी सीएम योगी के प्राथमिकताओं में है अयोध्या नगरी, जो हमारी प्राथमिकता है उसमें सड़कों का निर्माण है, उनकी गुणवत्ता समय सीमा पर कार्य, अयोध्या में विश्व स्तरीय सुविधा देने का जो एक परिकल्पना है और सीएम योगी के जो स्पष्ट निर्देश हैं यह हम लोग सुनिश्चित कराएंगे कि जल्द से जल्द यहां कार्य में जो कठिनाइयां आ रही हैं उनको दूर किया जाए और सड़कों का पूरी तरह से कार्य पूर्ण हो, हर हफ्ते ली जा रही है प्रगति रिपोर्ट, ट्रैफिक की भी समस्या का जल्द होगा समाधान,लोकसभा चुनाव को लेकर बोले जितिन प्रसाद, कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होगा लोकसभा का चुनाव,भारत की जनता का मिल रहा है आशीर्वाद, जितिन प्रसाद ने दिए संकेत, लोकसभा चुनाव में रामलला पर भरोसा, अयोध्या नगरी यहां भगवान राम की मंदिर की स्थापना होगी, हम सबको उनका आशीर्वाद मिलेगा– जितिन प्रसाद लोक निर्माण मंत्री

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।